सतगुरु इन्टरनेशनल स्कूल में ग्रेटिट्यूड सेरेमनी का भव्य आयोजन

अजमेर। सतगुरु इन्टरनेशनल स्कूल में अभिभावकों का आभार व्यक्त करने के लिए ग्रेटिट्यूड सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक राजा डी. थारवानी व विशिष्ट अतिथि विद्यालय की संयुक्त सचिव

भूमिका थारवानी रहीं। विद्यालय के शिक्षकों ने प्रार्थना, प्रतिज्ञा व एसआईएस न्यूज प्रस्तुत की। छात्र-छात्राओं ने समूह नृत्य व समूह गीत की सुन्दर प्रस्तुति दी। विभिन्न पदक प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रेरित कर उनके प्रेरणास्त्रोत अभिभावकों का आभार व्यक्त करना है। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व प्रधानाचार्य ने छात्रों व उनके अभिभावकों का सम्मान किया। सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न के रूप में फोटो फ्रेम दिया गया। अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना की। साथ ही विद्यालय में शैक्षणिक, सह शैक्षणिक, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों के उचित तालमेल व समायोजन की प्रशंसा की। अभिभावकों ने बच्चों में हो रहे सर्वांगीण विकास का श्रेय विद्यालय को दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने शैक्षणिक, सह शैक्षणिक व खेल क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए 25 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, 75 प्रतिशत व 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप की घोषणा की।